विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम सोमवार के लिये निर्धारित श्री हंसराज विश्वकर्मा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या–03 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 03 (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि रहीम नगर कुकरैल बंधा फैजाबाद रोड, लखनऊ के पास की दुकाने आवंटन आदेश संख्या–690/रेंट/8, दिनांक 13 मार्च, 2009 द्वारा किन–किन लोगों को आंवटित की गयी थी? | प्रश्नगत आदेश द्वारा दुकानों का आवंटन निम्नांकित व्यक्तियों को मत्स्य विक्रय हेतु कतिपय शर्तों के साथ किया गया था–<br>1. श्रीमती अरूणा सोनकर<br>2. श्री रहमत अली<br>3. श्री जय प्रकाश ओझा<br>4. श्री प्रवीण कुमार पाण्डेय<br>5. श्री पंकज कुमार श्रीवास्तव<br>6. श्री सुरेन्द्र पाल सिंह रावत<br>7. श्री सतीश कुमार वर्मा<br>8. श्री रतन सिंह<br>9. श्री दिनेश कुमार नाई। |
| (ख) नगर निगम, लखनऊ द्वारा उक्त दुकाने जुलाई, 2020 में किन कारणों से नष्ट करा दी गई थी? | आवंटियों द्वारा दुकानों में शिकमी किरायेदार काबिज किये जाने एवं दुकानों में मत्स्य विक्रय का व्यवसाय न कर अन्य व्यवसाय किये जाने तथा आवंटन की शर्तों का उल्लघंन किये जाने के कारण दुकानों का आवंटन निरस्त कर दिया गया। अधिशासी अभियंता, लखनऊ खण्ड–2, शारदा नहर लखनऊ द्वारा यह अवगत कराया गया कि कुकरैल बंधे का दायाँ तटबन्ध उनके कार्यालय के कार्य क्षेत्र में आता है। उनके द्वारा उक्त बंधे पर नगर निगम द्वारा किये गये दुकानों के आवंटन को निरस्त किये जाने का अनुरोध किया गया। |
| (ग) क्या उपरोक्त नष्ट करायी गई दुकानों के बदले लखनऊ जिले में अन्यत्र वेंडिंग हेतु दुकानें आवंटित करायेंगे? | आवंटियों द्वारा प्रार्थना पत्र दिये जाने एवं नगर निगम, लखनऊ सीमान्तर्गत वेडिंग जोन में स्थल उपलब्धता के आधार पर नियमानुसार दुकान आवंटन की कार्यवाही करना संभावित है। |
| (घ) यदि हॉ, तो कब तक? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ड.) यदि नहीं, तो क्यों? | उपर्युक्तानुसार। |

(ए.के. शर्मा)
मंत्री,
नगर विकास विभाग।



Scanned with CamScanner